Exercise-1

Marked Questions can be used as Revision Questions.

चिन्हित प्रश्न दोहराने योग्य प्रश्न है।

PART - I : SUBJECTIVE QUESTIONS

भाग - I : विषयात्मक प्रश्न (SUBJECTIVE QUESTIONS)

Subjective Easy, only learning value problems

Section (A) : Kinematics of circular motion

Section (A) : वृत्तीय गति की गतिकी

A-1. Figure shows a circular path taken by a particle. If the instantaneous velocity of the particle is $\vec{v}$ = (2m /s) $\hat{i}$ – (2 m/s) $\hat{j}$. Through which quadrant is the particle moving when it is travelling (a) clockwise and (b) counter clockwise around the circle?

चित्र में एक कण की गति का वृत्ताकार पथ दर्शाया गया है। यदि कण का तात्क्षणिक वेग $\vec{v}$ = (2m /s) $\hat{i}$ – (2 m/s) $\hat{j}$, है तो किस चतुर्थांश में कण वृत पर (a) दक्षिणावर्त तथा (b) वामावर्त घूम रहा होगा ?



Ans. (a) first (b) third. (a) प्रथम (b) तृतीय

Sol. Given दिया है $\vec{v} = 2\hat{i} - 2\hat{j}$



(a) when moves in clockwise (जब दक्षिणावर्त घूमता है)



Ans. : First quadrant प्रथम पाद

(b) When moves in counter clockwise जब वामावर्त घूमता है।



Ans. : Third quadrant तृतीय पाद

A-2. Find the ratio of angular speeds of minute hand and hour hand of a watch and also find the angular speed of the second's hand in a watch.
घड़ी की मिनट व घण्टे की सुई की कोणीय चालों का अनुपात ज्ञात कीजिए। सेकण्ड की सुई की कोणीय चाल भी ज्ञात करो।

Ans. 12 : 1, $\frac{\pi}{30}$ rad/sec. रेडियन/सेकण्ड

Sol. $\omega_{minute} = \frac{2\pi}{60 \times 60} = \frac{2\pi}{3600}$ rad/sec. रेडियन/सेकण्ड

$\omega_{hour} = \frac{2\pi}{12 \times 60 \times 60} = \frac{2\pi}{12 \times 3600}$ rad/sec. रेडियन/सेकण्ड

$\omega_{minute} : \omega_{hour} =$ 12 : 1 **Ans.**

$\omega_{second} = \frac{2\pi}{60}$ rad/sec. $= \frac{\pi}{30}$ rad/sec **Ans.**

A-3. A wheel is subjected to uniform angular acceleration about its axis. Initially its angular velocity is zero. In the first 2 seconds, it rotates through an angle θ_1. In the next 2 seconds, it rotates through an additional angle θ_2. find the ratio of θ_2/θ_1 .
एक पहिये को एक समान कोणीय त्वरण से अपने अक्ष के प्रति घुमाया जाता है, इसकी प्रारम्भिक कोणीय चाल शून्य है। प्रथम 2 सेकण्ड में यह θ_1 कोण से घूमता है। अगले 2 से० में यह θ_2 कोण से ओर घूमता है। अनुपात θ_2/θ_1 का मान ज्ञात कीजिए।

Ans. 3 : 1

Sol. Given दिया है $\omega_0 = 0$, α = const नियतांक ,

$\theta = \omega_0 t + \frac{1}{2}\alpha t^2$

for first two seconds प्रथम दो सेकण्ड के लिए

$\theta_1 = 0 + \frac{1}{2}\alpha \times (2)^2 = 2\alpha$

for next two seconds अगले दो सेकण्ड के लिए

$\theta_2 = \theta_4 - \theta_2 = \frac{1}{2}\alpha (4)^2 - \frac{1}{2}\alpha (2)^2 = 6\alpha$

$\theta_2 / \theta_1 = 3 : 1$ **Ans.**

A-4. If the equation for the angular displacement of a particle moving on a circular path is given by $(\theta) = 2t^3 + 0.5$, where θ is in radians and t in seconds, then find the angular velocity of the particle after 2 seconds from its start.
वृत्तीय पथ पर गति कर रहे कण के कोणीय विस्थापन का समीकरण $(\theta) = 2t^3 + 0.5$ से व्यक्त किया जाता है यहाँ θ रेडियन में t सेकण्ड मात्रक में है तो इसके प्रारम्भ से 2 सेकण्ड पश्चात् कण का कोणीय वेग ज्ञात कीजिए ?

Ans. 24 rad/sec 24 रेडियन/सैकण्ड

Sol. Given दिया है $\theta = 2t^3 + 0.5$

$\omega = \frac{d\theta}{dt} = 6t^2$

at t = 2 sec. पर

$\omega = 6 \times (2)^2 = 24$ rad/sec. **Ans.**

A-5. The length of second's hand in a watch is 1 cm. Find the magnitude of change in velocity of its tip in 15 seconds. Also find out the magnitude of average acceleration during this interval
एक घड़ी में सेकण्ड की सुई की लम्बाई 1 सेमी है। 15 सेकण्ड में इसके सिरे के वेग में परिवर्तन का परिमाण ज्ञात कीजिए। इस समयान्तराल में औसत त्वरण का परिमाण भी ज्ञात कीजिए ?

Ans. $\frac{\pi\sqrt{2}}{30}$ cm/sec, $\frac{\pi\sqrt{2}}{30 \times 15}$ cm/s^2 $\frac{\pi\sqrt{2}}{30}$ सेमी./सेकण्ड , $\frac{\pi\sqrt{2}}{30 \times 15}$ सेमी./सेकण्ड^2

Sol. Given दिया है ℓ = R = 1 cm , t = 15 Second



$\Delta\vec{V} = \vec{V}_2 - \vec{V}_1$

$\Delta V = \sqrt{2}\,V$

$V = \omega R$

$V = \frac{2\pi}{60} \times 1 = \frac{\pi}{30}$ cm/sec.

$\Delta V = \frac{\sqrt{2}\pi}{30}$ cm/sec.

$a = \frac{\Delta V}{\Delta t} = \frac{\pi\sqrt{2}}{30 \times 15}$ cm/sec^2. **Ans.**

Section (B) : Radial and Tangential acceleration
Section (B) : त्रिज्यीय एवं स्पर्श रेखीय त्वरण

B-1. A particle moves uniformly in a circle of radius 25 cm at two revolution per second. Find the acceleration of the particle in m/s^2 .
एक कण 25 सेमी त्रिज्या के वृत्त में दो घूर्णन प्रति सेकण्ड की समान दर से घूम रहा है। कण का त्वरण मी/से^{2} मात्रक में ज्ञात करो।

Ans. $4\pi^2$

Sol. R = 0.25 m , ω = 2 rev./sec. = 4π rad/sec. ($a_t = 0$)

$a_c = \omega^2 R$

$= (4\pi)^2 \times 0.25$

$= 4\pi^2$ m/s^2. **Ans.**

B-2. A car is moving with speed 30 m/sec on a circular path of radius 500 m. Its speed is increasing at the rate of 2 m/sec^2. What is the acceleration of the car at that moment?
500 मी. त्रिज्या के वृत्ताकार पथ पर एक कार 30 मी/से० की चाल से गतिमान हैं। इसकी चाल 2 मी/से^{2} की दर से बढ़ रही हैं, इस क्षण कार का त्वरण कितना होगा ?

Ans. $\left(\frac{\sqrt{181}}{5} \text{m/sec}^2\right)$

Sol. Given दिया गया है V = 30 m/s , R = 500 m , $\frac{dv}{dt}$ = 2 m/s^2.

$a_c = \frac{v^2}{R} = \frac{(30)^2}{500} = \frac{9}{5}$ m/s^2.

$a_t = \frac{dv}{dt} = 2$ m/s^2

$a_t = \sqrt{a_c^2 + a_t^2} = \sqrt{\left(\frac{9}{5}\right)^2 + 4} = \frac{\sqrt{181}}{5}$ m/s^2 **Ans.**

B-3. A particle moves in a circle of radius 1.0 cm at a speed given by v= 2.0 t where v is in cm/s and t in seconds.
1.0 cm त्रिज्या के वृत्ताकार पथ पर एक कण v = 2.0 t चाल से गति करता है, जहाँ v सेमी० /सै० में तथा t सैकण्ड में है तो
(a) Find the radial acceleration of the particle at t = 1s.
t = 1 सैकण्ड पर कण का त्रिज्यीय त्वरण ज्ञात कीजिए।
(b) Find the tangential acceleration at t = 1s
t = 1 सैकण्ड पर कण का स्पर्श रेखीय त्वरण ज्ञात कीजिए।
(c) Find the magnitude of the acceleration at t = 1s.
t = 1 सैकण्ड पर कण के त्वरण का परिमाण ज्ञात कीजिए।

Ans : (a) 4.0 cm/s^2, (b) 2.0 cm/s^2, (c) $\sqrt{20}$ cm/s^2

Sol. R = 1.0 cm , V = 2.0 t
at t = 1 sec पर $\Rightarrow$ V = 2.0 cm/sec.

$$a_c = \frac{v^2}{R} = 4 \text{ cm/sec}^2.$$

$$a_t = \frac{dv}{dt} = 2.0 \text{ cm/sec}^2.$$

$$a = \sqrt{a_c^2 + a_t^2} = \sqrt{4^2 + 2^2}$$

$$= 2\sqrt{5} \text{ cm/sec}^2.$$ **Ans.**

Section (C) : Circular Motion in Horizontal plane
Section (C) : क्षैतिज तल में वृत्तीय गति

C-1. A small sphere of mass 200 gm is attached to an inextensible string of length 130 cm whose upper end is fixed to the ceiling. The sphere is made to describe a horizontal circle of radius 50 cm. Calculate the time period of this conical pendulum and the tension in the string. (π^2 = 10)
छत से लटकायी गयी 130 सेमी० लम्बी अवितान्य डोरी के दूसरे सिरे पर 200 ग्राम द्रव्यमान का छोटा गोला लटकाया गया है। गोले को 50 सेमी त्रिज्या के क्षैतिज वृत में गति करवायी जाती है। इस शंकु लोलक (Conical pendulum) के आवर्तकाल एवं डोरी में तनाव की गणना कीजिए। (π^2 = 10)

Ans. $2\sqrt{\frac{6}{5}}$ sec., $\frac{13}{6}$ N (with π^2 = 10) (π^2 = 10 मानिए)

Sol. m = 200 g = 0.2 kg , g = π^2 m/s^2



Time period आवर्त काल $= 2\pi\sqrt{\frac{\ell\cos\theta}{g}} = 2\pi\sqrt{\frac{1.2}{\pi^2}} = 2\sqrt{\frac{6}{5}}$ **Ans.**

Tension तनाव $= \frac{mg}{\cos\theta} = \frac{0.2 \times \pi^2}{12/13} = \frac{13}{6}$N **Ans.**

C-2. A motorcyclist wants to drive on the vertical surface of wooden 'well' of radius 5 m, in horizontal plane with speed of $5\sqrt{5}$ m/s. Find the minimum value of coefficient of friction between the tyres and the wall of the well . (take g = 10 m/s^2)

एक मोटर साईकिल चालक, 5 मी० त्रिज्या वाले लकड़ी के कुएं की ऊर्ध्व सतह पर, $5\sqrt{5}$ मी/से० चाल से क्षैतिज तल में मोटरसाइकिल चलाना चाहता है। कुए की दीवार और टायरों के बीच घर्षण गुणांक का न्यूनतम मान ज्ञात कीजिए। (दिया है g = 10 m/s^2)

Ans. $\frac{2}{5}$

Sol. $N = \frac{mv^2}{r}$ given दिया है $r = 5$ m , $v = 5\sqrt{5}$ m/s

for no slipping फिसलन न होने के लिए $f \geq mg$

$$\mu_{min} N = mg$$

$$\mu_{min} = \frac{mg}{N} = \frac{rg}{v^2}$$

$$\mu_{min} = \frac{5 \times 10}{(5\sqrt{5})^2} = \frac{2}{5} \text{ **Ans.**}$$

C-3. A mass is kept on a horizontal frictionless surface. It is attached to a string and rotates about a fixed centre at an angular velocity ω_0. If the length of the string and angular velocity are doubled, find the tension in the string which was initially T_0 .

एक द्रव्यमान, घर्षणहीन क्षैतिज तल पर रखा है। यह एक डोरी से जुड़ा हुआ है और जड़वत् केन्द्र के परितः ω_0 कोणीय वेग से घूम रहा है। यदि डोरी की लम्बाई एवं कोणीय वेग दो गुने कर दिये जायें, तो डोरी में तनाव का मान ज्ञात कीजिये। पूर्व में यह T_0 था।

Ans. $8T_0$

Sol. $\omega_i = \omega_0$, $\ell = \ell_0$

$\omega_f = 2\omega_0$, $\ell = 2\ell_0$

$T_i = m\omega_0^2\ell_0 = T_0$

$T_f = m(2\omega_0)^2 (2\ell_0) = 8T_0$ **Ans.**

C-4. A ceiling fan has a diameter (of the circle through the outer edges of the three blades) of 120 cm and rpm 1500 at full speed. Consider a particle of mass 1g sticking at the outer end of a blade. What is the net force on it, when the fan runs at full speed ? Who exerts this force on the particle ? How much force does the particle exert on the blade in the plane of motion ?

एक छत के पंखे का व्यास (तीनों पंखुड़ियों के बाह्य किनारों से बनने वाले वृत्त का) 120 cm है तथा इसकी अधिकतम चाल 1500 चक्कर प्रति मिनट है। मानाकि इसकी पंखुड़ी के बाह्य किनारे पर 1g द्रव्यमान का कण चिपक जाता है। जब पंखा अधिकतम चाल से घूम रहा हो तो कण पर लगने वाला अधिकतम बल कितना होगा ? कण पर यह बल किसके कारण लगेगा ? पंखुड़ी पर गति के तल में कण कितना बल लगायेगा ?

Ans : $\frac{15\pi^2}{10} = 14.8\text{N}, \frac{15\pi^2}{10} = 14.8$ N.

Sol. $\omega = 2\pi n = \frac{2\pi \times 1500}{60}$ rad/sec

$r = \frac{d}{2} = 60$ cm $= 0.6$ m

$m = 1$ g $= 10^{-3}$ kg

$$F = m\omega^2 r = 10^{-3} \times \left(\frac{2\pi \times 1500}{60}\right)^2 \times 0.6 = \frac{15\pi^2}{10} = 14.8 \text{ **Ans.**}$$

This force is exerted by blade of fan and equal force is exerted by particle on blade in same magnitude but opposite in direction.

यह बल पंखे की ब्लेड़ों द्वारा आरोपित है। कण द्वारा पंखुडियों पर समान परिमाण का विपरीत दिशा में बल लगाया जायेगा।

Section (D) : Radius of curvature
Section (D) : वक्रता त्रिज्या

D-1. A ball is projected with initial speed u and making an angle θ with the vertical. Consider a small part of the trajectory near the highest position and take it approximately to be a circular arc. What is the radius of this circle? This radius is called the radius of curvature of the curve at the point.
एक गेंद को ऊर्ध्व से θ कोण पर प्रारम्भिक चाल u से प्रक्षेपित किया गया है। उच्चतम स्थिति में पथ के अल्प भाग को लगभग वृत्ताकार चाप मान लीजिये। इस वृत्त की त्रिज्या क्या होगी ? यह त्रिज्या वक्र के उस बिन्दु पर वक्रता त्रिज्या कहलाती है।

Ans : $\dfrac{u^2 \sin^2 \theta}{g}$

Sol.


$R = \dfrac{(v_\perp)^2}{a_\perp} = \dfrac{u^2 \sin^2 \theta}{g}$ **Ans.**

D-2. A particle is projected with initial speed u and at an angle θ with horizontal. What is the radius of curvature of the parabola traced out by the projectile at a point where the particle velocity makes an angle θ/2 with the horizontal?
एक कण क्षैतिज से θ कोण पर प्रारम्भिक चाल u से प्रक्षेपित किया गया है। जहाँ कण का वेग क्षैतिज से θ/2 कोण बनाता हो, उस बिन्दु पर प्रक्षेप्य द्वारा तय किये गये परवलय की वक्रता त्रिज्या क्या होगी

Ans : $\dfrac{u^2 \cos^2 \theta}{g \cos^3 (\theta/2)}$

Sol.


$u \cos\theta = v \cos \theta/2$

$\Rightarrow v = \dfrac{u \cos\theta}{\cos\theta/2}$

$a_\perp = g \cos \theta/2 \quad \Rightarrow R = \dfrac{v^2}{a_\perp} = \dfrac{u^2 \cos^2 \theta}{g \cos^3 \theta/2}$ **Ans.**

Section (E) : Circular motion in vertical plane ऊर्ध्व तल में वृत्तीय गति :

E-1. A weightless thread can support tension upto 30 N. A stone of mass 0.5 kg is tied to it and is revolved in a circular path of radius 2 m in a vertical plane. If g = 10 m/s², find the maximum angular velocity of the stone.
एक भारहीन डोरी 30 N तनाव सहन कर सकती है। इससे 0.5 किग्रा. द्रव्यमान का पत्थर बांधकर उर्ध्वतल में 2 मी. त्रिज्या के वृत्ताकार पथ पर घुमाया जाता है। यदि g = 10 मी/से² है, तो पत्थर का अधिकतम कोणीय वेग ज्ञात कीजिए।

Ans. 5 rad/s रेडियन/सैकण्ड

Sol. Tension is maximum in circular motion in vertical plane at lowest position.
उर्ध्व तल में वृत्तीय गति की निम्नतम स्थिति में अधिकतम तनाव होता है
At lowest position निम्नतम स्थिति में

$T_{max} - mg = m\omega^2 R$

$\Rightarrow \quad 30 - 0.5 \times 10 = 0.5\, \omega^2 \times 2$

$\omega^2 = \dfrac{25}{0.5 \times 2} \quad \Rightarrow \quad \omega = 5$ rad/sec. **Ans.**

E-2. A simple pendulum oscillates in a vertical plane. When it passes through the mean position, the tension in the string is 3 times the weight of the pendulum bob. What is the maximum angular displacement of the pendulum of the string with respect to the downward vertical.
एक सरल लोलक ऊर्ध्व तल में दोलन कर रहा है, जब यह माध्य स्थिति से गुजरता है तब रस्सी में तनाव लोलक के भार का तीन गुना है। लोलक की डोरी का ऊर्ध्व नीचे की दिशा से कोणीय विस्थापन का अधिकतम मान कितना होगा ।

Ans. 90°

Sol. Tension at lowest point निम्नतम बिन्दु पर तनाव = 3 mg
Therefore velocity at lowest point अतः निम्नतम बिन्दु पर वेग

$$T - mg = \frac{mv^2}{\ell} \quad \Rightarrow \quad 3mg - mg = \frac{mv^2}{\ell}$$

$\Rightarrow \quad v = \sqrt{2g\ell}$

velocity at maximum displacement is zero.
From energy conservation
अधिकतम विस्थापन पर वेग शून्य है
ऊर्जा संरक्षण से

$$\frac{1}{2} mv^2 = mg\ell(1 - \cos\theta)$$

$\Rightarrow \quad \cos\theta = 0 \quad \Rightarrow \quad \theta = 90^\circ$ **Ans.**

E-3. A small body of mass m hangs at one end of a string of length a, the other end of which is fixed. It is given a horizontal velocity u at its lowest position so that the string would just becomes slack, when it makes an angle of 60° with the upward drawn vertical line. Find the tension in the string at point of projection.
a लम्बाई की रस्सी के एक सिरे से एक m द्रव्यमान का छोटा पिण्ड लटक रहा है, जिसका दूसरा सिरा जड़वत है। पिण्ड को निम्नतम बिन्दु पर क्षैतिज वेग u इस प्रकार दिया जाता है कि ऊपरी ऊर्ध्व रेखा से 60° के कोण पर रस्सी ढीली पड़ जाती है। प्रक्षेपण बिन्दु पर डोरी में तनाव ज्ञात कीजिये।

Ans. $\frac{9}{2}$ mg

Sol. When string become slack apply equation for centripetal force.
जब डोरी ढीली पड़ जाती है, तो अभिकेन्द्रीय बल की समीकरण लगाने पर

$$\frac{mv^2}{a} = mg\cos 60^\circ \quad \Rightarrow \quad v = \sqrt{\frac{ga}{2}} \quad .....(i)$$

apply energy conservation ऊर्जा संरक्षण प्रयुक्त करने पर

$$\frac{1}{2} mu^2 = \frac{1}{2} mv^2 + mga(1 + \cos\theta) \quad ....(ii)$$

from equation (i) & (ii)
समीकरण (i) व (ii) से

$$u = \sqrt{\frac{7ga}{2}}$$

apply equation for centripetal force at lowest position.
निम्नतम स्थिति पर अभिकेन्द्रीय बल की समीकरण लगाने पर

$$T - mg = \frac{mu^2}{a}$$

put the value of u and we get
u का मान रखने पर प्राप्त होगा।

$$T = 9mg/2$$

E-4. A body attached to a string of length ℓ describes a vertical circle such that it is just able to cross the highest point. Find the minimum velocity at the bottom of the circle.
ℓ लम्बाई की डोरी से बंधी हुई वस्तु ऊर्ध्व वृत्त को इस प्रकार पूरा करती है कि यह शीर्ष बिन्दु को ठीक पार करने में सफल हो जाती है। वृत्त के निम्नतम बिन्दु पर न्यूनतम वेग ज्ञात कीजिए।

Ans. $\sqrt{5g\ell}$

Sol. At higest point C उच्चतम बिन्दु C पर



$$T + mg = \frac{mv_C^2}{\ell}$$

but लेकिन $T > 0$

$\Rightarrow \quad \frac{mv_C^2}{\ell} - mg > 0$

$\Rightarrow \quad v_C > \sqrt{g\ell}$

$\therefore \quad V_C \text{ min} = \sqrt{g\ell}$

Using energy conservation between C & A
C व A के मध्य ऊर्जा संरक्षण का उपयोग करते हुए।

$mg(2\ell) + \frac{1}{2}mv_C^2 = \frac{1}{2}mv_A^2 \quad \Rightarrow \quad mg(2\ell) = \frac{1}{2}mv_A^2 - \frac{1}{2}mg\ell$

$\Rightarrow \quad v_A = \sqrt{5g\ell} \quad$ (min)

Section (F) : Motion of a vehicle, Centrifugal force and rotation of earth
Section (F) : वाहन की गति, अपकेन्द्रीय बल तथा पृथ्वी का घूर्णन

F-1. When the road is dry and coefficient of friction is μ, the maximum speed of a car in a circular path is 10 ms^{-1}. If the road becomes wet and coefficient of friction become $\frac{\mu}{2}$, what is the maximum speed permitted?
जब सड़क सूखी हो और घर्षण गुणांक μ हो, तो कार की वृत्ताकार पथ पर अधिकतम चाल 10 ms^{-1}. है। यदि सड़क गीली हो जाये ओर घर्षण गुणांक $\frac{\mu}{2}$ हो जाता है। तब अधिकतम सम्भव चाल कितनी होगी ?

Ans. $5\sqrt{2}$ ms^{-1}

Sol. For safe driving सुरक्षित सवारी के लिए $v_{max} = \sqrt{\mu rg}$

$$10 = \sqrt{\mu rg}$$

for wet road गीली सड़क के लिए $v' = \sqrt{\frac{\mu}{2}rg} = \frac{10}{\sqrt{2}} = 5\sqrt{2}$ m/s **Ans.**

F-2. Find the maximum speed at which a car can turn round a curve of 30 m radius on a level road if the coefficient of friction between the tyres and the road is 0.4 [g = 10 m/s²]
कार के टायर एवं सड़क के मध्य घर्षण गुणांक 0.4 है। कार की वह अधिकतम चाल ज्ञात कीजिए जिससे कि यह समतल सड़क पर 30 मी० त्रिज्या के वृत्त में सुरक्षित घूम सके। [g = 10 m/s²]

Ans. $\sqrt{120}$ m/s

Sol. Maximum safe speed अधिकतम सुरक्षित चाल = $\sqrt{\mu rg}$ = $\sqrt{0.4 \times 30 \times 10}$ = $\sqrt{120}$ m/s **Ans.**

F-3. A train has to negotiate a curve of radius 400 m. By how much height should the outer rail be raised with respect to inner rail for a speed of 48 km/hr ? The distance between the rails is 1 m :
एक ट्रेन को 400 मी. त्रिज्या वाले वक्र पर घूमना है। 48 किमी./घण्टा की चाल के लिये आंतरिक पटरी की तुलना में बाह्य पटरी को कितना ऊँचा उठाना चाहिये? पटरियों के बीच की दूरी 1 मी. है।

Ans. $\frac{2}{45}$ m

Sol. v = 48 km/hr = 40/3 m/s.
For safe turn without friction घर्षणरहित सुरक्षित घुमाव के लिए

$$\tan\theta = \frac{v^2}{rg} = \frac{h}{x}$$

given दिया है $x \approx \ell = 1\text{m} \Rightarrow$ $h = \frac{v^2}{rg} = \frac{(40/3)^2}{400 \times 10} = \frac{2}{45}$ m **Ans.**

F-4. A road surrounds a circular playing field having radius of 10 m. If a vehical goes around it at an average speed of 18 km/hr, find proper angle of banking for the road. If the road is horizontal (no banking), what should be the minimum friction coefficient so that a scooter going at 18 km/hr does not skid.
एक वृत्तीय खेल मैदान जिसकी त्रिज्या 10m है, के चारो ओर सड़क है। यदि एक वाहन 18 km/hr की औसत चाल से इस पर चलता है तो सड़क के लिए उपयुक्त बंकन कोण ज्ञात करो। यदि सड़क क्षैतिज है (बंकित नहीं), घर्षण गुणांक का न्यूनतम मान कितना होना चाहिए , जिससे 18 km/hr चाल से गतिशील स्कूटर नहीं फिसले।

Ans. $\tan^{-1}(1/4)$, 1/4

Sol. Proper angle of banking बंकन का उपयुक्त कोण

$$\tan\theta = \frac{v^2}{rg} = \frac{(5)^2}{10 \times 10} = \frac{1}{4} \qquad (\because 18 \text{ km/hr} = 5 \text{ m/s})$$

$$\theta = \tan^{-1}\frac{1}{4}$$ **Ans.**

minimum coefficient of friction for no banking बंकन की अनुपस्थिति में न्यूनतम घर्षण गुणांक

$$\mu = \frac{v^2}{rg} = \frac{(5)^2}{10 \times 10} = \frac{1}{4}$$

$$\mu = \frac{1}{4}$$ **Ans.**

F-5. A circular road of radius 1000 m has banking angle 45°. Find the maximum safe speed of a car having mass 2000 kg, if the coefficient of friction between tyre and road is 0.5.
1000 m त्रिज्या की वृत्तीय सड़क का बंकन कोण 45° है। 2000 किग्रा. द्रव्यमान की कार के लिए अधिकतम सुरक्षित चाल का मान ज्ञात कीजिए। (सड़क और टायर के बीच घर्षण गुणांक 0.5 है)

Ans. $100\sqrt{3}$ m/s

Sol. Maximum safe speed अधिकतम सुरक्षित चाल = $v_{max} = \sqrt{gr\left(\frac{\tan\theta + \mu}{1 - \mu\tan\theta}\right)} = \sqrt{1000 \times 10 \left(\frac{1 + 0.5}{1 - 0.5 \times 1}\right)}$

= $100\sqrt{3}$ m/s **Ans.**

F-6._ In the figure shown a lift goes downwards with a constant retardation. An observer in the lift observers a conical pendulum in the lift, revolving in a horizontal circle with time period 2 seconds. The distance between the centre of the circle and the point of suspension is 2.0 m. Find the retardation of the lift in m/s^2. Use $\pi^2 = 10$ and $g = 10\ m/s^2$

दिए गए चित्र में लिफ्ट नियत मंदन से नीचे की और गति कर रही है। एक प्रेक्षक जो लिफ्ट के अन्दर है, 2 सैकण्ड के आवर्त–काल वाले क्षैतिज वृत्त में चक्कर काट रहे कोनिकल पेंण्डूलम (शंक्वाकार लोलक) को देखता है। वृत के केन्द्र एवम् किलकीत बिन्दु के बीच दूरी 2.0 m है। लिफ्ट का मंदन (m/s^2 में) ज्ञात कीजिए। उपयोग में लें $\pi^2 = 10$ और $g = 10\ m/s^2$



Sol. $T = 2\pi\sqrt{\dfrac{\ell\cos\theta}{g_{eff.}}} = 2\pi\sqrt{\dfrac{h}{g_{eff.}}}$

$g_{eff.} = g + a$; $T = 2$ put रखने पर $\Rightarrow g_{eff} = 20 \Rightarrow g + a = 20 \Rightarrow a = 10\ m/s^2$.

Ans. Retardation मंदन **= 10 m/s²**

Ans. 10 m/s²

F-7. A turn of radius 20 m is banked for the vehicles going at a speed of 36 km/h. If the coefficient of static friction between the road and the tyre is 0.4, what are the possible speeds of a vehicle so that it neither slips down nor skids up ?

36 km/h चाल से गतिशील वाहनों के लिये बंकित किये गये एक मोड़ की त्रिज्या 20 m है। यदि टायरों तथा सड़क के बीच स्थैतिक घर्षण गुणांक का मान 0.4 है, तो वाहन की चाल के सम्भव मान क्या हो सकते है कि वाहन न तो नीचे और न ही ऊपर की ओर से फिसले।

Ans : Between $\sqrt{\dfrac{50}{3}} \times \dfrac{18}{5}$ = 14.7 km/h and 54 km/hr

Ans : $\sqrt{\dfrac{50}{3}} \times \dfrac{18}{5}$ = 14.7 km/h तथा 54 km/hr के बीच

Sol. v = 36 km/hr = 10 m/s

$\tan\theta = \dfrac{v^2}{Rg} = \dfrac{10\times10}{20\times10} = \dfrac{1}{2}$

$v_{max} = \sqrt{Rg\left(\dfrac{\tan\theta+\mu}{1-\mu\tan\theta}\right)}$ = 15 m/s = 54 km/hr **Ans.**

$v_{min} = \sqrt{Rg\left(\dfrac{\tan\theta-\mu}{1+\mu\tan\theta}\right)} = \sqrt{\dfrac{20\times10(0.5-0.4)}{(1+0.5\times0.4)}}$

$= \sqrt{\dfrac{20\times10\times0.1}{1.2}} = \sqrt{\dfrac{50}{3}} \times \dfrac{18}{5}$ km/hr **Ans.**

PART - II : ONLY ONE OPTION CORRECT TYPE

भाग - II : केवल एक सही विकल्प प्रकार (ONLY ONE OPTION CORRECT TYPE)

Single Choice Objective, straight concept/formula oriented

Section (A) : Kinematics of circular motion वृतीय गतिकी

A-1. Two racing cars of masses m_1 and m_2 are moving in circles of radii r and 2r respectively and their angular speeds are equal. The ratio of the time taken by cars to complete one revolution is :
दो कारें जिनके द्रव्यमान m_1 व m_2 है, क्रमशः r तथा 2r त्रिज्या के वृत्त में गतिशील है। उनकी कोणीय चालें समान है। इन कारों द्वारा एक परिक्रमण पूर्ण करने में लगे समय का अनुपात होगा ?
(A) $m_1 : m_2$ (B) 1 : 2 (C*) 1 : 1 (D) $m_1 : 2m_2$

Sol. Speed चाल $v_1 = \frac{2\pi r}{t}$

$v_2 = \frac{2\pi r}{t}$

$\omega_1 = \frac{v_1}{r} = \frac{2\pi}{t_1}$ ...(i)

$\Rightarrow \omega_2 = \frac{v_2}{2r} = \frac{2\pi}{t_2}$ ...(ii)

From eq. (i) and (ii)

$\frac{\omega_1}{\omega_2} = \frac{t_2}{t_1} \Rightarrow 1 = \frac{t_2}{t_1}$

A-2. A wheel is at rest. Its angular velocity increases uniformly with time and becomes 80 radian per second after 5 second. The total angular displacement is :
(A) 800 rad (B) 400 rad (C*) 200 rad (D) 100 rad
एक पहिया विरामावस्था में है। इसका कोणीय वेग समय के साथ एकसमान रूप से बढ़ता है और 5 सेकण्ड पश्चात् 80 रेडियन प्रति सेकण्ड हो जाता है। इसका कुल कोणीय विस्थापन होगा –
(A) 800 रेडियन (B) 400 रेडियन (C*) 200 रेडियन (D) 100 रेडियन

Sol. ω = 80 rad/sec, t = 5 sec, $\omega_0 = 0$
θ = ?
If α constant, then यदि α नियत है, तो

$\theta = \left(\frac{\omega + \omega_0}{2}\right) t = \left(\frac{80+0}{2}\right) 5 = 200$ rad **Ans.**

A-3. A particle moves along a circle of radius $\left(\frac{20}{\pi}\right)$ m with tangential acceleration of constant magnitude. If the speed of the particle is 80 m/s at the end of the second revolution after motion has begun, the tangential acceleration is:
एक कण $\left(\frac{20}{\pi}\right)$ मी. त्रिज्या के वृत्त के अनुदिश नियत परिमाण के स्पर्श रेखीय त्वरण के साथ गति कर रहा है। गति प्रारम्भ करने के पश्चात् 2 चक्कर पूरे कर लेने पर इसकी चाल 80 मी/से. हो जाती है। स्पर्श रेखीय त्वरण का मान है।–
(A) 160 π m/s^2 (B) 40 π m/s^2 (C*) 40 m/s^2 (D) 640 π m/s^2

Sol. $r = \frac{20}{\pi}$ m, a_t = constant नियतांक
n = 2nd revolution दूसरा घूर्णन
v = 80 m/s

$\omega_0 = 0$, $\omega_f = \frac{v}{r} = \frac{80}{20/\pi} = 4\pi$ rad/sec

$\theta = 2\pi \times 2 = 4\pi$

from 3rd equation तृतीय समीकरण से

$\omega^2 = \omega_0^2 + 2\alpha\theta$

$\Rightarrow \quad (4\pi)^2 = 0^2 + 2 \times \alpha \times (4\pi)$

$\alpha = 2\pi$ rad/s^2

$a_t = \alpha r = 2\pi \times \dfrac{20}{\pi} = 40$ m/s^2 **Ans.**

A-4. During the circular motion with constant speed :
नियत चाल से वृत्तीय गति के लिए :
(A) Both velocity and acceleration are constant
वेग तथा त्वरण दोंनो नियत रहते है।
(B) velocity is constant but the acceleration changes
वेग नियत रहता है, किन्तु त्वरण परिवर्तित होता है।
(C) acceleration is constant but the velocity changes
त्वरण नियत रहता है किन्तु वेग परिवर्तित होता है।
(D*) velocity and acceleration both change
वेग एवं त्वरण दोंनो ही परिवर्तित होते है।

Sol. Speed = constant
In uniform circular motion, velocity and acceleration are constant in magnitude but direction is changes. Therefore velocity and acceleration both change.
चाल = नियतांक
नियत चाल से वृत्तीय गति में, वेग व त्वरण के परिमाण नियत रहते हैं, पर दिशा बदलती रहती है। अतः वेग व त्वरण दोनों परिवर्तनशील होते हैं।

Section (B) : Radial and Tangential acceleration
Section (B) : त्रिज्यीय एवं स्पर्श रेखीय त्वरण

B-1. Two particles P and Q are located at distances r_P and r_Q respectively from the axis of a rotating disc such that $r_P > r_Q$:
दो कण P एवं Q किसी घूमती चकती के अक्ष से क्रमशः r_P व r_Q दूरी पर इस प्रकार स्थित है कि $r_P > r_Q$ तो ?
(A) Both P and Q have the same acceleration (B) Both P and Q do not have any acceleration
(C*) P has greater acceleration than Q (D) Q has greater acceleration than P
(A) P व Q दोनों का त्वरण समान होगा। (B) P व Q दोनों में ही त्वरण नहीं होगा।
(C*) P का त्वरण Q से अधिक होगा। (D) Q का त्वरण P से अधिक होगा।

Sol. Angular velocity of every particle of disc is same
चकती के प्रत्येक कण का कोणीय वेग समान होगा।

$a_P = \omega^2 r_p$, $a_Q = \omega^2 r_Q$

$\because r_P > r_Q \Rightarrow a_P > a_Q$ **Ans.**

B-2. Let a_r and a_t represent radial and tangential acceleration. The motion of a particle may be circular if :
माना कि a_r एवं a_t त्रिज्यीय तथा स्पर्श रेखीय त्वरण को व्यक्त करते है। कण की गति वृत्तीय हो सकती है, यदि–
(A) $a_r = 0, a_t = 0$ (B) $a_r = 0, a_t \neq 0$ (C*) $a_r \neq 0, a_t = 0$ (D) none of these
(A) $a_r = 0, a_t = 0$ (B) $a_r = 0, a_t \neq 0$ (C*) $a_r \neq 0, a_t = 0$ (D) इनमें से कोई नहीं

Sol. For circular motion of particle a_r not equal to zero, a_t may or may not be zero ($a_r = v^2 / r$)
कण की वृत्तीय गति के लिए a_r अशून्य है व a_t शून्य या अशून्य कुछ भी हो सकता है। ($a_r = v^2 / r$)

B-3. A particle is going with constant speed along a uniform helical and spiral path separately as shown in figure (in case (a), verticle acceleration of particle is negligible)
एक कण नियत चाल से चित्रानुसार अलग–अलग कुण्डलीनुमा व सर्पिलाकार पथों पर गतिशील है – (स्थिति (a) में ऊर्ध्वाधर दिशा में कण का त्वरण नगण्य है।)



(A) The velocity of the particle is constant in both cases
दोनों स्थितियों में कण का वेग नियत है।
(B) The magnitude of acceleration of the particle is constant in both cases
दोनों स्थितियों में कण के त्वरण का परिमाण नियत है।
(C*) The magnitude of accleration is constant in (a) and decreasing in (b)
स्थिति (a) में त्वरण का परिमाण नियत तथा स्थिति (b) में घट रहा है।
(D) The magnitude of accleration is decreasing continuously in both the cases
दोनों स्थितियों में कण के त्वरण का परिमाण निरन्तर कम हो रहा है।

Sol. $a_c = \frac{v^2}{r}$, radius is constant in case (a) and increase in case (b). So that magnitude of acceleration is constant in case (a) and decrease in case (b).
$a_c = \frac{v^2}{r}$, प्रथम प्रकरण (a) में त्रिज्या नियत है व प्रकरण (b) में वृद्धिमान है। अतः त्वरण का परिमाण प्रकरण (a) में नियत व प्रकरण (b) में घटता है।

B-4. If the radii of circular paths of two particles of same masses are in the ratio of 1 : 2, then in order to have same centripetal force, their speeds should be in the ratio of :
यदि समान द्रव्यमान वाले दो कणों के वृत्ताकार पथों की त्रिज्याओं का अनुपात 1 : 2 है, तो समान अभिकेन्द्रीय बल के लिए इनकी चालों का अनुपात होगा –
(A) 1 : 4 (B) 4 : 1 (C*) 1 : $\sqrt{2}$ (D) $\sqrt{2}$: 1

Sol. $F_{C1} = F_{C2} \Rightarrow \frac{mv_1^2}{r_1} = \frac{mv_2^2}{r_2}$

$\frac{v_1}{v_2} = \sqrt{\frac{r_1}{r_2}} = \frac{1}{\sqrt{2}}$ **Ans.**

Section (C) : Circular Motion in Horizontal plane
Section (C) : क्षैतिज तल में वृत्तीय गति

C-1. A stone of mass of 16 kg is attached to a string 144 m long and is whirled in a horizontal smooth surface. The maximum tension the string can withstand is 16 N. The maximum speed of revolution of the stone without breaking it, will be :
144 मी. लम्बी रस्सी से एक 16 किग्रा द्रव्यमान के पत्थर को बाँध कर चिकने क्षैतिज तल में घुमाया जाता है। डोरी की अधिकतम तनाव सहन क्षमता 16 N न्यूटन है। डोरी के बिना टूटे, पत्थर के परिक्रमण की अधिकतम चाल है –
(A) 20 ms^{-1} (B) 16 ms^{-1} (C) 14 ms^{-1} (D*) 12 ms^{-1}

Sol. r = 144 m, m = 16 kg, T_{max} = 16 N

$T = \frac{mv^2}{r}$

$v = \sqrt{\frac{Tr}{M}} = \sqrt{\frac{16 \times 144}{16}}$ = 12 m/s **Ans.**

C-2. On horizontal smooth surface a mass of 2 kg is whirled in a horizontal circle by means of a string at an initial angular speed of 5 revolutions per minute. Keeping the radius constant the tension in the string is doubled. The new angular speed is nearly:
(A) 14 rpm (B) 10 rpm (C) 2.25 rpm (D*) 7 rpm
एक चिकने क्षैतिज तल पर डोरी की सहायता से 2 किग्रा. द्रव्यमान को क्षैतिज वृत्त में घुमाया जाता है। इसकी प्रारम्भिक कोणीय चाल 5 चक्कर/मिनट है। त्रिज्या नियत रखकर डोरी में तनाव दो गुना करने पर नयी कोणीय चाल लगभग होगी–
(A) 14 चक्कर/मिनट (B) 10 चक्कर/मिनट (C) 2.25 चक्कर/मिनट (D*) 7 चक्कर/मिनट

Sol. $T = m\omega^2 r$
$\Rightarrow T^1 = 2T = m\omega_1^2\, r$
$\omega_1 = \sqrt{2}\ \omega = \sqrt{2} \times 5 = \sqrt{50} \approx 7$ rev/min **Ans.**

C-3. A particle is kept fixed on a uniformly rotating turn-table As seen from the ground , the particle goes in a circle, its speed is 10 cm/s and acceleration is 10 cm/s^2.The particle is now shifted to a new position to make the radius half of the original value.The new values of the speed and acceleration will be
एक समान रूप से घूर्णन गति कर रही घूर्णी मेज पर m द्रव्यमान का एक कण स्थिर रखा हुआ है। जमीन से देखने पर, कण वृत्ताकार पथ पर गतिमान दिखाई देता है, इसकी चाल 10 cm/s तथा त्वरण 10 cm/s^2 है। कण को विस्थापित करके इसकी त्रिज्या का मान मूल त्रिज्या का आधा कर दिया जाता है। इसकी नयी चाल तथा त्वरण के मान है –
(A) 20 cm/s, 20 cm/s^2 (B*) 5 cm/s, 5 cm/s^2 (C) 40 cm/s, 10 cm/s^2 (D) 40 cm/s,40 cm/s^2

Sol. Uniformly rotating turn table means angular velocity is constant. New radius is half of the original value.
समरूप घूर्णित मेज का अभिप्राय कोणीय वेग नियत है। नयी त्रिज्या प्रारम्भिक मान की आधी है।
$r' = r/2$ and व ω = constant नियतांक
$v' = \omega r' = \omega r/2 = v/2 = 5$ cm/s **Ans.**
$a' = \omega^2 r' = \omega^2 r/2 = a/2 = 5$ cm/s^2 **Ans.**

C-4. A coin placed on a rotating turntable just slips if it is placed at a distance of 16 cm from the centre. If the angular velocity of the turntable is doubled, it will just slip at a distance of
घूर्णन कर रही एक घूर्णी मेज के केन्द्र से 16 cm दूर रखा हुआ एक सिक्का ठीक फिसलने की स्थिति में है। यदि घूर्णी मेज का कोणीय वेग दुगना कर दिया जाये तो यह निम्न दूरी पर ठीक फिसलने की स्थिति में होगा –
(A) 1 cm (B) 2 cm (C*) 4 cm (D) 8 cm

Sol. For just slip $\Rightarrow \mu mg = m\omega^2 r$
here ω is double then radius is 1/4th
ठीक फिसलने के लिए $\Rightarrow \mu mg = m\omega^2 r$
यदि ω दुगनी कर दी जाए, तो त्रिज्या 1/4th होगी
$r' = 4$ cm **Ans.**

C-5. A rod of length L is hinged at one end and it is rotated with a constant angular velocity in a horizontal plane . Let T_1 and T_2 be the tensions at the points L/4 and 3L/4 away from the hinged end.
L लम्बाई की एक छड़ एक सिरे पर किलकित करके क्षैतिज तल में नियत कोणीय वेग से घूर्णित की जाती है। माना कि किलकित बिन्दु से L/4 तथा 3L/4 दूरियों पर तनाव T_1 तथा T_2 है –
(A*) $T_1 > T_2$
(B) $T_2 > T_1$
(C) $T_1 = T_2$
(D) The relation between T_1 and T_2 depends on whether the rod rotates clockwise or anticlockwise
T_1 तथा T_2 के मध्य सम्बंध इस पर निर्भर करेगा कि छड़ दक्षिणावर्ती अथवा वामावर्ती घूर्णन कर रही है।

Sol.




$T_1 - T_2 = \frac{M}{2}\,\omega^2\,\frac{L}{2}$
$T_1 > T_2$ **Ans.**

Section (D) : Radius of curvature
Section (D) : वक्रता त्रिज्या

D-1. A stone is projected with speed u and angle of projection is θ. Find radius of curvature at t = 0.
एक पत्थर u चाल से, θ प्रक्षेपण कोण पर प्रक्षेपित किया जाता है। t = 0 पर वक्रता त्रिज्या ज्ञात कीजिए।

(A) $\frac{u^2\cos^2\theta}{g}$ (B) $\frac{u^2}{g\sin\theta}$ (C*) $\frac{u^2}{g\cos\theta}$ (D) $\frac{u^2\sin^2\theta}{g}$

Sol. At t = 0 पर
$a_\perp = g\cos\theta$,
$R = \frac{v^2}{a_\perp} = \frac{u^2}{g\cos\theta}$

D-2. A particle of mass m is moving with constant velocity $\vec{v}$ on smooth horizontal surface. A constant force $\vec{F}$ starts acting on particle perpendicular to velocity v. Radius of curvature after force F start acting is :
द्रव्यमान m का एक कण नियत वेग $\vec{v}$ से चिकनी क्षैतिज सतह पर गतिशील है। एक नियत बल $\vec{F}$, कण पर वेग v के लम्बवत् लगना प्रारम्भ होता है। बल F के लगने के बाद वक्रता त्रिज्या है :

(A*) $\frac{mv^2}{F}$ (B) $\frac{mv^2}{F\cos\theta}$ (C) $\frac{mv^2}{F\sin\theta}$ (D) none of these इनमें से कोई नहीं

Sol. Force is perpendicular to $\vec{v}$ बल $\vec{v}$ के लम्बवत् है।
$a_\perp = \frac{F}{m}$ $\Rightarrow$ $R = \frac{v^2}{a_\perp}$ $\Rightarrow$ $R = \frac{mv^2}{F}$ **Ans.**

Section (E) : Circular motion in vertical plane उर्ध्व तल में वृत्तीय गति :

E-1. A car is going on an overbridge of radius R, maintaining a constant speed. As the car is descending on the overbridge from point B to C, the normal force on it :



एक कार R त्रिज्या के पुल पर नियत चाल से जा रही है जब कार पुल पर बिन्दु B से C की ओर नीचे उतरती है। तो इस पर अभिलम्ब बल

(A) increase (B*) decreases
(C) remains constant (D) first increases then decreases.
(A) बढ़ेगा। (B*) घटेगा।
(C) नियत रहेगा। (D) पहले बढ़ेगा फिर घटेगा।

Sol. Let the car looses the contact at angle θ with vertical
माना उर्ध्व से θ कोण पर कार पथ से संपर्क छोड़ती है



$mg\cos\theta - N = \frac{mv^2}{R}$ $\Rightarrow$ $N = mg\cos\theta - \frac{mv^2}{R}$

During descending on overbridge θ is incerese. So $\cos\theta$ is decrease therefore normal reaction is decrease.
पुल से उतरने के दौरान θ बढता है, अतः $\cos\theta$ घटता है तो अभिलम्ब प्रतिक्रिया बल घटता है।

E-2. In a circus, stuntman rides a motorbike in a circular track of radius R in the vertical plane. The minimum speed at highest point of track will be :
सर्कस में एक आदमी R त्रिज्या के ऊर्ध्व वृत्त में मोटर साइकिल चलाता है। पथ के शीर्ष बिन्दु पर न्यूनतम चाल होगी–
(A) $\sqrt{2gR}$ (B) $2gR$ (C) $\sqrt{3gR}$ (D*) $\sqrt{gR}$

Sol. For circular motion in vertical plane normal reaction is minimum at highest point and it is zero, minimum speed of motorbike is -
उर्ध्व वृत्तीय गति में उच्चतम बिन्दु पर, अभिलम्ब प्रतिक्रिया बल न्यूनतम (शून्य) होता है। मोटर साईकिल की न्यूनतम चाल होगी-

$$mg = \frac{mv^2}{R} \quad \Rightarrow \quad v = \sqrt{gR}$$ **Ans.**

E-3. A particle is moving in a vertical circle. The tensions in the string when passing through two positions at angles 30° and 60° from downward vertical are T_1 and T_2 respectively. Then
एक कण ऊर्ध्व वृत्त में घूम रहा है। ऊर्ध्वाधर नीचे की दिशा से 30° तथा 60° के कोण पर रस्सियों में तनाव क्रमशः T_1 तथा T_2 है। तो
(A) $T_1 = T_2$ (B) $T_2 > T_1$
(C*) $T_1 > T_2$
(D) Tension in the string always remains the same
डोरी में तनाव सदैव समान रहेगा।

Sol.



$T - mg\cos\theta = \frac{mv^2}{r}$ ....(1) (from centripetal force अभिकेन्द्रीय बल से)

from energy conservation. ऊर्जा संरक्षण से

$\frac{1}{2}mu^2 = \frac{1}{2}mv^2 + mgr(1 - \cos\theta)$ (here u is speed at lowest point) (यहाँ u निम्नतम बिन्दु पर चाल है)

from (1) and (2) समीकरण (1) व (2) से

$$T = \frac{mu^2}{r} + 3mg\cos\theta - 2mg$$

for $\theta = 30^\circ$ & 60° के लिए $\Rightarrow$ $T_1 > T_2$ **Ans.**

E-4. A bucket is whirled in a vertical circle with a string attached to it.The water in bucket does not fall down even when the bucket is inverted at the top of its path. In this position choose most appropiate option if v is the speed at the top.
एक बाल्टी को रस्सी से बांधकर ऊर्ध्व वृत्त में घुमाया जाता है। पथ के शीर्ष बिन्दु पर बाल्टी उल्टी हो जाती है, फिर भी बाल्टी का पानी नीचे नहीं गिरता है। इस स्थिति में सही विकल्प का चयन करो। यदि शीर्ष बिन्दु पर चाल v है।

(A) $mg = \frac{mv^2}{r}$ (B) mg is greater than $\frac{mv^2}{r}$
(C*) mg is not greater than $\frac{mv^2}{r}$ (D) mg is not less than $\frac{mv^2}{r}$
(A) $mg = \frac{mv^2}{r}$ (B) mg, $\frac{mv^2}{r}$ से ज्यादा है।
(C*) mg, $\frac{mv^2}{r}$ से ज्यादा नहीं है। (D) mg, $\frac{mv^2}{r}$ से कम नहीं है।

Sol. For water does not fall at topmost point of path that means at topmost point N should be greater than or equal to zero.
पथ के उच्चतम बिन्दु पर जल के ना बिखरने के लिए N शून्य अथवा इससे अधिक होना चाहिए।

for N = 0 के लिए, $mg = \frac{mv^2}{r}$

and तथा for N > 0 के लिए , $mg < \frac{mv^2}{r}$

so that mg is not greater than $\frac{mv^2}{r}$

अतः mg , $\frac{mv^2}{r}$ से बड़ा नहीं है।

Section (F) : Motion of a vehicle, Centrifugal force and rotation of earth
Section (F) : वाहन की गति, अपकेन्द्रीय बल तथा पृथ्वी का घूर्णन

F-1. A train A runs from east to west and another train B of the same mass runs from west to east at the same speed with respect to earth along the equator. Normal force by the track on train A is N_1 and that on train B is N_2:
विषुवत रेखा पर, ट्रेन A पूर्व से पश्चिम की ओर तथा समान द्रव्यमान की ट्रेन B पश्चिम से पूर्व की ओर पृथ्वी के सापेक्ष समान चाल से गतिशील है। पटरी द्वारा ट्रेन A पर अभिलम्ब बल N_1 तथा ट्रेन B पर N_2 है –
(A*) $N_1 > N_2$
(B) $N_1 < N_2$
(C) $N_1 = N_2$
(D) the information is insufficient to find the relation between N_1 and N_2.
N_1 तथा N_2 के मध्य सम्बन्ध व्यक्त करने के लिये दी गई सूचना अपर्याप्त है।

Sol. When train A moves form east to west
जब ट्रेन A पूर्व से पश्चिम को जाती है।

$$mg - N_1 = \frac{m(v+\omega R)^2}{R}$$

$$\Rightarrow \quad N_1 = mg - \frac{m(v+\omega R)^2}{R}$$

$N_1 = F_1$

When train B moves from west to east जब ट्रेन B, पश्चिम से पूर्व को जाती है।

$$mg - N_2 = \frac{m(v-\omega R)^2}{R} \Rightarrow \quad N_2 = mg - \frac{m(v-\omega R)^2}{R}$$

$N_2 = F_2$
$F_1 > F_2$ **Ans.**

F-2_ If the apparent weight of the bodies at the equator is to be zero, then the earth should rotate with angular velocity
अगर विषुवत रेखा पर वस्तुओं का आभासी भार शून्य हो तो पृथ्वी को किस कोणीय वेग से घूमना होगा –

(A*) $\sqrt{\frac{g}{R}}$ rad/sec (B) $\sqrt{\frac{2g}{R}}$ rad/sec (C) $\sqrt{\frac{g}{2R}}$ rad/sec (D) $\sqrt{\frac{3g}{2R}}$ rad/sec

Sol. $mg = m\omega^2 R$, $\omega = \sqrt{\frac{g}{R}}$

PART - III : MATCH THE COLUMN

भाग - III : कॉलम को सुमेलित कीजिए (MATCH THE COLUMN)

1. Each situation in column I gives graph of a particle moving in circular path. The variables ω, θ and t represent angular speed (at any time t) , angular displacement (in time t) and time respectively. Column II gives certain resulting interpretation. Match the graphs in column I with statements in column II and indicate your answer by darkening appropriate bubbles in the 4 × 4 matrix given in the OMR.
स्तम्भ-I में दी गई स्थिति कण की वृत्तीय गति का ग्राफ बताता है। यहाँ चर ω, θ तथा t क्रमशः कोणीय चाल (किसी समय t पर), कोणीय विस्थापन (समय t में) तथा समय को दर्शाते है। स्तम्भ-II में कुछ परिणाम के निष्कर्ष दिए गये है। स्तम्भ-I में दिये गये आरेख को उनके संगत कथनों (स्तम्भ-II) से सुमेलित कीजिये व अपने उत्तरों को OMR में दी गई 4 × 4 की मेट्रिक्स में उचित बुलबुलों को गहरा कर दीजिए।

Column-I
स्तम्भ - I

Column-II
स्तम्भ-II



(A) ω - θ graph

(p) Angular acceleration of particle is uniform
कण का कोणीय त्वरण एकसमान है।



(B) ω^2 - θ graph

(q) Angular acceleration of particle is non-uniform
कण का कोणीय त्वरण असमान है।



(C) ω - t graph

(r) Angular acceleration of particle is directly proportional to t.
कण का कोणीय त्वरण, 't' के सीधे समानुपाती है।



(D) ω - t^2 graph

(s) Angular acceleration of particle is directly proportional to θ.
कण का कोणीय त्वरण, θ के सीधे समानुपाती हैं।

Ans. (A) q,s (B) p (C) p (D) q,r

Sol. **(Tough)** From graph (a) $\Rightarrow$ $\omega = k\theta$ where k is positive constant

angular acceleration = $\omega \dfrac{d\omega}{d\theta}$ = $k\theta \times k = k^2\theta$

$\therefore$ angular acceleration is non uniform and directly proportional to θ. $\therefore$ (A) q, s

From graph (b) $\Rightarrow$ $\omega^2 = k\theta$. Differentiating both sides with respect to θ.

$2\omega \dfrac{d\omega}{d\theta} = k$ or $\omega \dfrac{d\omega}{d\theta} = \dfrac{k}{2}$ Hence angular acceleration is uniform. $\therefore$ (B) p

From graph (c) $\Rightarrow$ $\omega = kt$

angular acceleration $= \dfrac{d\omega}{dt} = k$ Hence angular acceleration is uniform $\Rightarrow$ (C) p

From graph (d) $\Rightarrow$ $\omega = kt^2$

angular acceleration = $\dfrac{d\omega}{dt}$ = 2kt Hence angular acceleration is non uniform and directly proportional to t.

$\therefore$ (D) q,r

हल. ग्राफ (a) से $\Rightarrow$ $\omega = k\theta$ जहा k एक धनात्मक नियतांक है।

कोणीय त्वरण = $\omega \dfrac{d\omega}{d\theta}$ = $k\theta \times k = k^2\theta$

$\therefore$ कोणीय त्वरण असमान है और यह θ के सीधे समानुपाती है $\therefore$ (A) q, s

ग्राफ (b) से $\Rightarrow$ $\omega^2 = k\theta$. दोनो तरफ θ सापेक्ष अवकलन करने पर

$2\omega \dfrac{d\omega}{d\theta} = k$ or या $\omega \dfrac{d\omega}{d\theta} = \dfrac{k}{2}$ अतः कोणीय त्वरण एकसमान है। $\therefore$ (B) p

ग्राफ (c) से $\Rightarrow$ $\omega = kt$

कोणीय त्वरण $= \dfrac{d\omega}{dt} = k$ अतः कोणीय त्वरण एकसमान है $\Rightarrow$ (C) p

ग्राफ (d) से $\Rightarrow$ $\omega = kt^2$

कोणीय त्वरण = $\dfrac{d\omega}{dt}$ = 2kt अतः कोणीय त्वरण असमान है और समय t के सीधे समानुपाती है।

$\therefore$ (D) q,r

2. A particle is moving with speed $v = 2t^2$ on the circumference of circle of radius R. Match the quantities given in column-I with corresponding results in column-II **(9.2_M_Bank_Circu) Made Sushil Rajpurohit 2008**

Column-I	**Column-II**
(A) Magnitude of tangential acceleration of particle	(p) decreases with time.
(B) Magnitude of Centripetal acceleration of particle	(q) increases with time
(C) Magnitude of angular speed of particle with respect to centre of circle	(r) remains constant
(D) Angle between the total acceleration vector and centripetal acceleration vector of particle	(s) depends on the value of radius R

एक कण वृत्त की परिधि पर चाल $v = 2t^2$ से गति कर रहा है। वृत्त की त्रिज्या R है। स्तम्भ-I में दी गई राशियों को स्तम्भ-II में परिणामों से सुमेलित करिये।

स्तम्भ - I	**स्तम्भ-II**
(A) कण के स्पर्शरेखीय त्वरण का परिमाण	(p) समय के साथ घटता है।
(B) कण के अभिकेन्द्रीय त्वरण का परिमाण	(q) समय के साथ बढ़ता है।
(C) कण की कोणीय चाल (वृत्त के केन्द्र के सापेक्ष) का परिमाण	(r) नियत रहता है।
(D) कण के कुल त्वरण सदिश तथा अभिकेन्द्रीय त्वरण सदिश के मध्य कोण	(s) त्रिज्या R के मान पर निर्भर करता है।

Ans : (A) q (B) q, s (C) q, s (D) p, s

Sol. $v = 2t^2$

Tangential acceleration $a_t = 4t$

Centripetal acceleration $a_c = \frac{v^2}{R} = \frac{4t^4}{R}$



Angular speed $\omega = \frac{v}{R} = \frac{4t}{R}$, $\tan\theta = \frac{a_t}{a_c} = \frac{4tR}{4t^4} = \frac{R}{t^3}$

Sol. $v = 2t^2$

स्पर्श रेखीय त्वरण $a_t = 4t$

अभिकेन्द्रीय त्वरण $a_c = \frac{v^2}{R} = \frac{4t^4}{R}$



कोणीय चाल $\omega = \frac{v}{R} = \frac{4t}{R}$, $\tan\theta = \frac{a_t}{a_c} = \frac{4tR}{4t^4} = \frac{R}{t^3}$

Exercise-2

✍ **Marked Questions can be used as Revision Questions.**
✍ **चिन्हित प्रश्न दोहराने योग्य प्रश्न है।**

PART - I : ONLY ONE OPTION CORRECT TYPE

भाग - I : केवल एक सही विकल्प प्रकार (SINGLE CORRECT QUESTIONS)

SECTION (A) : KINEMATICS OF CIRCULAR MOTION

SECTION (A) : वृत्तीय गति की गतिकी

1.✍ Three point particles P, Q, R move in a circle of radius ' r ' with different but constant speeds. They start moving at t = 0 from their initial positions as shown in the figure. The angular velocities (in rad/sec) of P, Q and R are 5π, 2π & 3π respectively, in the same sense. The time at which they all meet is:
तीन बिन्दुवत कण P, Q, R एक r त्रिज्या के वृत्त में भिन्न परन्तु नियत चालों से गति करते है। वे t = 0 पर चित्र में प्रदर्शित उनकी प्रारम्भिक स्थितियों से गति करना प्रारम्भ करते है। P, Q व R के कोणीय वेग (रेडियन/सैकण्ड में) क्रमशः 5π, 2π व 3π समान दिशा में है। कितने समयान्तराल बाद वे मिलते है।



(A) 2/3 sec (B) 1/6 sec (C) 1/2 sec (D*) 3/2 sec

Sol. $\omega_{QP} = 2\pi - 5\pi = -3\pi$ rad/s
$\omega_{RP} = 3\pi - 5\pi = -2\pi$ rad/s

Time when Q particle reaches at P $= t_1 = \dfrac{\pi/2}{3\pi} = \dfrac{1}{6}$ sec.

समय जब कण Q, P पर पहुँचता है $= t_1 = \dfrac{\pi/2}{3\pi} = \dfrac{1}{6}$ sec.

$t_2 = \dfrac{5\pi/2}{3\pi} = \dfrac{5}{6}$ sec.

$t_3 = \dfrac{9\pi/2}{3\pi} = \dfrac{3}{2}$ sec.

Time where R particle reaches at P. $t_1 = \dfrac{\pi}{2\pi} = \dfrac{1}{2}$ sec.

समय जब कण R, P पर पहुँचता है $t_1 = \dfrac{\pi}{2\pi} = \dfrac{1}{2}$ sec.

$t_2 = \dfrac{3\pi}{2\pi} = \dfrac{3}{2}$ sec.

Common time to reaches at P is $\dfrac{3}{2}$ sec. **Ans.**

P पर पहुँचने का उभयनिष्ठ समय $\dfrac{3}{2}$ sec. **Ans.**

2.✍ The kinetic energy K of a particle moving along a circle of radius R depends on the distance covered s as $K = as^2$ where a is a positive constant. The total force acting on the particle is :
R त्रिज्या के वृत्त पर चलते हुए कण की गतिज ऊर्जा K, की तय की गयी दूरी s पर निर्भरता $K= as^2$ के अनुसार है, जहाँ a एक धनात्मक स्थिरांक है। कण पर लग रहा कुल बल है–

(A) $2a\dfrac{s^2}{R}$ (B*) $2as\left(1+\dfrac{s^2}{R^2}\right)^{1/2}$ (C) $2as$ (D) $2a\dfrac{R^2}{s}$

Sol. $K = \frac{1}{2}mv^2 = as^2 \quad \Rightarrow \quad v^2 = \frac{2as^2}{m}$

$a_C = \frac{v^2}{R} = \frac{2as^2}{mR}$

$a_t = v\frac{dv}{ds} = \frac{2as}{m}$

$a = \sqrt{\left(\frac{2as^2}{mR}\right)^2 + \left(\frac{2as}{m}\right)^2} = \frac{2as}{m}\left(1+\frac{s^2}{R^2}\right)^{1/2}$

Total force कुल बल $= ma = 2as\left(1+\frac{s^2}{R^2}\right)^{1/2}$ **Ans.**

3. A spot light S rotates in a horizontal plane with a constant angular velocity of 0.1 rad/s. The spot of light P moves along the wall at a distance 3 m. What is the velocity of the spot P when $\theta = 45^0$?

एक स्पॉट लाइट S, नियत कोणीय वेग 0.1 रेडियन/से. के साथ क्षैतिज तल में घूमती है। लाइट स्पॉट P, 3 मी. दूर स्थित दीवार के अनुदिश गति करता है। जब $\theta = 45°$ है तो स्पॉट P का वेग कितना है –



(A*) 0.6 m/s (B) 0.5 m/s (C) 0.4 m/s (D) 0.3 m/s



Sol.

$\omega = \frac{v_\perp}{r} = \frac{v\sin\theta}{r} \quad \Rightarrow \quad v = \frac{\omega r}{\sin\theta} = \frac{3\omega}{\sin^2\theta} \Rightarrow v = \frac{0.1\times 3}{(1/\sqrt{2})^2} = 0.6$ m/s **Ans.**

SECTION (B) : RADIAL AND TANGENTIAL ACCELERATION
SECTION (B) : त्रिज्यीय एवं स्पर्श रेखीय त्वरण

4. The velocity and acceleration vectors of a particle undergoing circular motion are $\vec{v} = 2\hat{i}$ m/s and $\vec{a} = 2\hat{i} + 4\hat{j}$ m/s² respectively at an instant of time. The radius of the circle is

वृत्तीय गति कर रहे कण का किसी समय पर वेग और त्वरण क्रमशः $\vec{v} = 2\hat{i}$ m/s और $\vec{a} = 2\hat{i} + 4\hat{j}$ m/s² है। वृत्तीय पथ की त्रिज्या होगी –

(A*) 1m (B) 2m (C) 3m (D) 4m

Sol. It can be observed that component of acceleration perpendicular to velocity is
वेग के लम्बवत् त्वरण के घटक है –

$a_c = 4$ m/s²

$\therefore$ त्रिज्या radius $= \frac{v^2}{a_c} = \frac{(2)^2}{4} = 1$ m.

5. A particle moves with deceleration along the circle of radius R so that at any moment of time its tangential and normal accelerations are equal in magnitude. At the initial moment t = 0 the speed of the particle equals v_0, then :
R त्रिज्या के वृत्त पर एक कण मंदित गति करता है जिससे किसी भी समय कण के लिए स्पर्शी और अभिकेन्द्रिय त्वरणों का परिमाण बराबर है। प्रारम्भिक स्थिति में t = 0 पर कण की चाल v_0 है तो

(i) the speed of the particle as a function of the distance covered s will be
कण की चाल तय की गई दूरी s के फलन के रूप में होगी।

(A*) $v = v_0\, e^{-s/R}$ (B) $v = v_0\, e^{s/R}$ (C) $v = v_0\, e^{-R/s}$ (D) $v = v_0\, e^{R/s}$

(ii) the total acceleration of the particle as function of velocity.
कण का कुल त्वरण, वेग के फलन के रूप में होगा।

(A*) $a = \sqrt{2}\dfrac{v^2}{R}$ (B) $a = \dfrac{v^2}{R}$ (C) $a = \dfrac{2v^2}{R}$ (D) $a = \dfrac{2\sqrt{2}\ v^2}{R}$

Sol. (i) deceleration of particles कण का मंदन

$$\left|\frac{dv}{dt}\right| = \left|v\frac{dv}{ds}\right| = \frac{v^2}{R}$$

$$-v\frac{dv}{ds} = \frac{v^2}{R} \quad \Rightarrow \quad -\frac{dv}{v} = \frac{ds}{R}$$

Integrating both side दोनों पक्षों का समाकलन करने पर

$$-\int_{v_0}^{v}\frac{dv}{v} = \int_0^s \frac{ds}{R} \quad \Rightarrow \quad -\left[\log v\right]_{v_0}^{v} = \frac{s}{R}$$

$v = v_0\, e^{-s/R}$ **Ans.**

(ii) $|a_t| = a_C$

$a = \sqrt{2}\ a_C = \sqrt{2}\ \dfrac{v^2}{R}$ **Ans.**

6. A particle A moves along a circle of radius R = 50 cm so that its radius vector r relative to the fixed point O (Figure) rotates with the constant angular velocity $\omega = 0.40$ rad/s. Then modulus v of the velocity of the particle, and the modulus a of its total acceleration will be
एक कण A, R = 50 सेमी त्रिज्या के वृत्त पर चित्रानुसार इस तरह गति करता है कि जडवत् बिन्दु O के सापेक्ष त्रिज्यीय सदिश r नियत कोणीय वेग $\omega = 0.40$ रेडियन/से. के साथ घूमता है। कण के वेग का परिमाण v तथा कुल त्वरण a के परिमाण के मान होंगे ?



(A) v = 0.4 m/s, a = 0.4 m/s^2 (B) v = 0.32 m/s, a = 0.32 m/s^2
(C) v = 0.32 m/s, a = 0.4 m/s^2 (D*) v = 0.4 m/s, a = 0.32 m/s^2
(A) v = 0.4 मी/से, a = 0.4 मी/से^{2} (B) v = 0.32 मी/से, a = 0.32 मी/से^{2}
(C) v = 0.32 मी/से, a = 0.4 मी/से^{2} (D*) v = 0.4 मी/से, a = 0.32 मी/से^{2}

Sol.



$\beta = 2\alpha \;\Rightarrow\; \frac{d\beta}{dt} = \frac{2d\alpha}{dt} = 2 \times 0.4 = 0.8$ rad/s

$v_{AC} = \omega r = 0.8 \times \frac{1}{2} = 0.4$ m/s

$a_C = \omega^2 r = (0.8)^2 \frac{1}{2} = 0.32$ m/s^2

$a = a_C = 0.32$ m/s^2 $\qquad (a_t = 0)$

SECTION (C) : CIRCULAR MOTION IN HORIZONTAL PLANE

SECTION (C) : क्षैतिज तल में वृत्तीय गति

7. A boy whirls a stone in a horizontal circle 1.8 m above the ground by means of a string with radius 1.2 m. It breaks and stone flies off horizontally, striking the ground 9.1 m (horizontal range) away. The centripetal acceleration during the circular motion was nearly: (use g = 9.8 m/s^2)

एक लड़का 1.2 मी. लम्बी डोरी की सहायता से एक पत्थर को जमीन से 1.8 मी. ऊपर क्षैतिज वृत में घुमाता है। पत्थर घूमाते डोरी टूट जाती है और पत्थर क्षैतिज दिशा में उड़ कर 9.1 मी. (क्षैतिज परास) दूर जमीन से टकराता है। वृत्तीय गति के दौरान अभिकेन्द्रीय त्वरण (लगभग) कितना था – (g = 9.8 m/s^2 लें)

(A) 94 m/s^2 (B) 141 m/s^2 (C*) 188 m/s^2 (D) 282 m/s^2

(A) 94 मी./से.^{2} (B) 141 मी./से.^{2} (C*) 188 मी./से.^{2} (D) 282 मी./से.^{2}

Sol.



